अभिव्यंजना

2023-2024

राजकीय महाविद्यालय सराहाँ
जिला सिरमौर - हि० प्र०

PRINCIPAL WELCOMING THE CHIEF GUEST OF ANNUAL PRIZE DISTRIBUTION FUNCTION 2023-2024

CHIEF GUEST LIGHTING THE LAMP

CSCA, PTA, OSA AND ROVERS & RANGERS 2023-2024

NSS VOLUNTEERS DOING SOCIAL SERVICES ACTIVITIES 2023-2024

VARIOUS ACTIVITIES OF CAREER COUNSELLING AND PLACEMENT CELL AND RED RIBBON CLUB 2023-2024

ROAD SAFETY CLUB, ANTI-DRUG CELL AND CYBER AWARENESS CELL 2023-2024

EDITORIAL BOARD AND WOMEN CELL ACTIVITIES

CO-CURRICULAR ACTIVITIES 2023-2024

GLIMPSES OF ANNUAL PRIZE DISTRIBUTION FUNCTION 2023-24

NEWSPAPER COVERAGE OF VARIOUS ACTIVITIES SESSION 2023-2024

Form - IV

(See Rule 8)

ABHIVYANJANA 2023-2024

Name of Pubication	:	Government College, Sarahan (H.P.)
Periodicity of Publication	:	Yearly
Name of the Printer	:	B.S Graphic, Chandigarh
Nationality	:	Indian
Name of the Publisher	:	Dr. Anita Thakur
Nationality	:	Indian
Address	:	Government College, Sarahan (H.P.)
Name & Address of the Owner of the Magazine	:	Dr. Anita Thakur (Principal) Government College, Sarahan Distt. Sirmour (H.P.) - 173024

N.B.: Contributors are solely responsibility for views expressed by them. The editiors & Chief Editor do not Necessarily confirm and share to the views and ideas expressed by them. They will not be liable for any action out of copyright violation by contributors.

Certificate

I, Jagmohan Thakur hereby solemnly declare that the above details are correct to the best of my knowledge and belief.

Chief Editor
Jagmohan Thakur

Dr. Amarjeet K. Sharma
Director (Higher Education)

Directorate of Higher Education
Himachal Pradesh
Shimla - 171001
Tel. : 0177-2656621 Fax : 0177-2811347
E-mail : dhe-sml-hp@gov.in

MESSAGE

It is a matter of immense delight for me to know that your college is going to publish the college magazine .

College magazine is a very useful medium for young minds to express their bristling ideas and thoughts. It gives a chance to students, the budding writers, to get the attention of others through their creative and contemporary writings. It is an essential ingredient of college regular activities and documentation of such events. The true purpose of higher education is to open the horizons for the curious young minds and to refine and polish them in such a way that they become responsible citizens of our country.

I wish your college a great future and grand success to the college magazine. I also congratulate the Editor(s) of the magazine and wish everyone all the best in their ventures.

Jai Hind.

(Dr. Amarjeet K. Sharma)

Message

Dear Students,

Welcome to Government Degree College, Sarahan. Established in 2014 , this is co-educational institution having well qualified and committed team of teachers and office staff . We create a healthy environment by building better relationship between teachers and students . We instill spirit , creativity and innovative abilities among students by organising cultural, curricular and extra curricular activities and encourage students' participation.

As we commence another chapter of our academic journey, I extend a warm welcome to each and every one of you. You must know that you are an integral part of our college community. We are here, just for you.Students, college life is the time of growth, discovery, and transformation. It's a journey of selfexploration and academic pursuit that shapes our future and moulds our character. I encourage you to embrace this journey wholeheartedly with passion, determination, and a thirst for knowledge. But this journey of teaching and learning will fructify only when you put in your best efforts to obtain this education and then to utilise it to serve the society in the best possible way. At the same time, I encourage you to prioritize your well-being and mental health. Remember to take breaks , seek support when needed and prioritize self-care. I'm sure that our College shall endeavour to be a big factor in social-economic transformation of its students as well as the people of this region not only through multi dimensional classroom instructions in different courses of study , but education in its full scope which leads to the enlargement of intellectual as well as humanistic dimensions of the students in a holistic manner.

The more we learn the more we grow, and the more we grow, the better we can serve others ,our communities and the world.

May God bless you…

Dr. Anita Thakur
PRINCIPAL

हिन्दी अनुभाग

सम्पादकीय

बहुत ही हर्ष का विषय है कि राजकीय महाविद्यालय सराहाँ सत्र 2023–24 के लिए 'अभिव्यंजना' पत्रिका प्रकाशित करने जा रहा है। लेखन एक ऐसी प्रक्रिया है जो मानव चिंतन प्रक्रिया से होकर गुजरती है। कभी कल्पनाओं के सागर से गुजरकर पल्लवित होती है तो कभी वास्तविक सामाजिक परिवेश में पल रही बुराइयों पर कटाक्ष बन कर उभरती है। पत्रिका विद्यार्थियों द्वारा अपने विचारों एवं विचारधारा को अभिव्यक्त करने का एक सरल, सहज एवं सशक्त माध्यम होती है। महाविद्यालय पत्रिका में प्रकाशित प्रत्येक रचना विद्यार्थियों के ज्ञान, अवबोध, रचनात्मकता, संप्रेषण कौशल आदि में वृद्धि का महत्वपूर्ण सोपान है। महाविद्यालय पत्रिका के माध्यम से ही हम इस नवीन पीढ़ी के विचारों एवं इनके द्वारा अनुसरित विचारधारा से अवगत हो सकते है। इस क्रम में महाविद्यालय पत्रिका अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करती है। हमारा यह प्रयास होना चाहिए कि हम बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखकर ही गतिविधियों को संचालित करे जो कि इन बच्चों को साधारण से ऊपर उठाकर असाधारण की श्रेणी मे खड़ा कर सके। मैं बच्चों को उनके प्रयासों के लिए बधाई देती हूँ और आशा करती हूँ कि निकट भविष्य में भी बच्चे इसी तरह से प्रयासरत रहेंगे और अपने महाविद्यालय तथा अपने माता–पिता का नाम रोशन करेंगे। पत्रिका के सफल प्रकाशन के लिए महाविद्यालय परिवार को हृदय की अंतरतम गहराइयों से हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगल शुभकामनाएँ।

डॉ. मोल्लम डोलमा
प्राध्यापिका सम्पादक
हिन्दी अनुभाग

हिंदी भाषा का विकास

जन–जन की भाषा है हिन्दी, भारत की आशा है हिन्दी।।
जिसने पूरे देश को जोडे रखा है, वह मजबूत धागा है हिन्दी।।
जिस ने काल को जीत लिया, ऐसी कालजयी भाषा है हिन्दी ।।
सरल शब्दों मे कहा जाए जो, जीवन की परिभाषा है हिन्दी ।।

सांस्कृतिक रूप से भारत एक प्राचीन देश है। लेकिन राजनीतिक रूप से एक आधुनिक राष्ट्र के रूप मे इसका विकास, ब्रिटिश शासन के दौरान स्वंतत्रता संग्राम में हुआ। हिंदी भाषा और अन्य क्षेत्रीय भारतीय भाषाओं ने, राष्ट्रीय स्वाभिमान और स्वतंत्रता की चेतना के सन्देश को घर–घर पहुंचाया। भारत के स्वतंत्रता संग्राम मे हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन भाषाओ ने भारतीय स्वतंत्रता अभियान को व्यापक आधार देते हुए लोकतंत्र की मूल अवधारणा की पुष्टि करना जारी रखा। उस समय की एक सोच यह भी थी कि जब स्वतंत्रता आएगी तो सार्वजनिक व्यवहार और शासन में भारतीय भाषाओं का प्रयोग किया जाएगा। आजादी आई और हमने संविधान बनाने की प्रक्रिया शुरू की तब संविधान का मसौदा अंग्रेजी मे बनाया गया था और संविधान की बहस अधिकतर अंग्रेजी मे हुई। यहाँ तक कि हिन्दी के अधिकांश समर्थक भी अंग्रेजी भाषा मे ही बात करते थे। बहस 12 सिंतबर 1949 को शाम 4 बजे शुरू हुई और 14 सिंतबर 1949 को समाप्त हुई। संविधान के भाग–17 के अनुच्छेद 343 से 351 में राजभाषा संबंधी प्रावधान किए गए है। संविधान के अनुच्छेद 343 के तहत संघ की राजभाषा के संबंध मे प्रावधान किया गया है। अनुच्छेद 343 के खंड (1) के अनुसार देवनागरी लिपि मे लिखी जाने वाली हिंदी संघ की राजभाषा है। इसके बावजूद जब तक हिंदी राष्ट्रीय संपर्क की मुख्य भाषा नही बनती, जब तक हिंदी शिक्षा, अनुसंधान, विज्ञान, शासन, प्रशासन कानून और अदालतो की भाषा नही बनती, तब तक हिन्दी की सर्वव्यापकता भारत मे संभव नही है। भाषा वह माध्यम है जिसके द्वारा प्रत्येक प्राणी अपने विचार व भावनाओं का आदान–प्रदान करता है। यह एक ऐसी क्षमता है जो मनुष्य को अन्य जीवों से अलग करता है। भाषा का सही प्रयोग सफलता और मान सम्मान दिला सकता है। लेकिन इस वाणी में विकृति होने पर व्यक्ति निंदा और असफलता का पात्र भी बन सकता है। अतः भाषा का प्रयोग सावधानी से करना चाहिए। अपने शासनकाल मे अंग्रेजों ने प्रचलित राजभाषा उर्दू का आश्रय लिया। नतीजतन स्वतंत्रता प्राप्ति के कुछ समय बाद भी उर्दू भारत के अधिकांश हिस्सो में अदालतों की भाषा बनी रही। 1855 मे लॉर्ड मैकाले ने अंग्रेजी को भारत मे शिक्षा और प्रशासन की भाषा के रूप मे स्थापित किया था। फिर भी अंग्रेजी शासकों को यह अहसास होता रहा कि, भारत की भाषाओं को लंबे समय तक दबाया नहीं जा सकता। इतना ही नहीं स्वतंत्रता संग्राम के साथ हमारे राष्ट्रीय नेताओं ने हिंदी को राष्ट्रभाषा और संपर्क भाषा के रूप मे लोकप्रिय बनाने के प्रयास किए।

महात्मा गाँधी ने भी यह विचार व्यक्त किया था कि भारतीय भाषाओं में हिन्दी ही एकमात्र ऐसी भाषा है जिसमे वह सभी गुण विद्यमान है जो राष्ट्रभाषा मे होने चाहिए। महात्मा गांधी और अन्य नेताओं के उपदेशों का परिणाम यह हुआ कि जब भारत की संविधान सभा मे केन्द्र की राजभाषा तय करने का सवाल उठा तो 14 सिंतबर 1949 मे व्यापक विचार विमर्श के बाद हिन्दी को भारत संघ की राजभाषा घोषित कर दिया गया।

किसी भी स्वतंत्र देश के लिए उसके राष्ट्रीय ध्वज और राष्ट्रीय गान का वही महत्व होता है, जो उसकी राजभाषा का होता है। एक लोकतांत्रिक देश मे जनता और सरकार के बीच भाषा की दीवार नहीं होनी चाहिए और शासन का काम जनता की भाषा में होना चाहिए। राजभाषा देश के विभिन्न भागों को जोड़ने का काम करती है, जिसके माध्यम से लोग न केवल अपने देश की नीतियों और प्रशासन को अच्छी तरह से समझते है बल्कि उसमें भाग भी ले सकते है। भारत की संविधान सभा इस बात से भली भांति परिचित थी। इसलिए 1950 मे हिन्दी को औपचारिक रूप में राजभाषा का दर्जा दिया गया। तब से लेकर प्रत्येक वर्ष 14 सिंतबर को अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी दिवस मनाया जाता है। सर्वप्रथम 14 सिंतबर 1953 को हिन्दी दिवस मनाया गया था।

हालाँकि भारत एक बहुभाषी देश था, लेकिन बहुत लंबे समय तक हिन्दी या इसके किसी न किसी रुप का उपयोग एक बड़े हिस्से पर संपर्क भाषा के रुप मे किया जाता था। भक्ति काल मे उत्तर से दक्षिण तक पूर्व से पश्चिम तक अनेक संतो ने हिन्दी मे अपनी रचनाएँ की। हिन्दी पत्रकारिता ने स्वतंत्रता आंदोलन मे एक बडी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राजा राममोहन राय, स्वामी दयानंद सरस्वती, महात्मा गाँधी, सुभाष चन्द्र बोस, सुब्रमण्यम भारती आदि ने हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने का सपना देखा था। हालांकि राजभाषा अधिनियम और राजभाषा नियमो के अनुसार, कई पत्र और प्रकाशन द्विभाषी रुप मे या केवल हिन्दी में जारी किए जाने है। लेकिन सरकारी प्रैस की हिन्दी की छपाई अभी भी संतोषजनक नही है। यह भी देखा गया है कि राजभाषा नीति के कियान्वयन के लिए अभी तक मंत्रालयों, विभागों, कार्यालयों आदि में उचित कर्मचारियों की व्यवस्था नही की गई है। परन्तु फिर भी विभिन्न प्रयासों के द्वारा हिन्दी का प्रयोग बढ़ता जा रहा है। भारत सरकार के सभी मंत्रालयों, विभागो, कार्यालयों, उपक्रमो आदि मे वार्षिक कार्यक्रमों को पूर्ण करने के प्रयास किए जा रहे है। यद्यपि हमारी मंजिल कुछ दूर है, परन्तु हम सब का सहयोग लेते हुए सशक्त और संतुलित कदमो से उसकी तरफ बढ़ रहे है। मुझे आशा है, हम देर सवेर अपनी मंजिल तक अवश्य पहुँचेंगे।

गूंजी हिन्दी विश्व मे, स्वप्न हुआ साकार।।
राष्ट्र संघ के मंच से, हिन्दी की जयकार।।

हिमानी शर्मा,
बी.ए. द्वितीय वर्ष,
रोल न. 22317

सिरमौर का इतिहास

सिरमौर का नामकरण – सिरमौर के प्राचीन निवासी कुलिंद थे। कुलिंद राज्य मौर्य साम्राज्य के शीर्ष पर स्थित था, जिस कारण इसे शिरमौर्य की संज्ञा दी गई जो कालांतर मे सिरमौर बन गया। अन्य जनश्रुतियों के अनुसार राजा रसालू के पूर्वज का नाम सिरमौर था इसलिए राज्य का नाम सिरमौर रखा गया। रियासत की राजधानी का नाम सिरमौर होने के कारण रियासत का नाम सिरमौर पड़ा। इस क्षेत्र मे सिरमौरिया देवता की पूजा की जाती थी जिसके कारण राज्य का नाम सिरमौर रखा गया।

सिरमौर का अर्थ– सिरमौर का नाम सिरमौर क्यो पडा, ऐसा माना जाता है कि पुराने समय मे यहाँ पर मौर्य वंश हुआ करता था। उस समय सिरमौर को शिरमौर्या के नाम से जाना जाता था। चंद्रगुप्त मौर्य का शासन यहाँ पर भी था। समय के साथ–साथ शिरमौर्य को सिरमौर के नाम से जाना गया।

सिरमौर की स्थापना– ''तारीख ऐ रियासत सिरमौर'' रंजौर सिंह की पुस्तक के अनुसार सिरमौर रियासत का नाम सुलोकिना था। इसकी स्थापना 1139 ई० मे जैसलमेर के राजा सातवाहन के पुत्र रसालू ने की थी। उसकी राजधानी सिरमौर ताल थी। एक अन्य जनश्रुति के अनुसार राजा मदन सिहं ने जादू टोना करने वाली स्त्री को धोखा देकर गिरी नदी मे मरवा दिया। स्त्री के शाप से गिरी नदी के बाढ़ मे रियासत बह गई और उसका कोई उत्तराधिकारी जीवित नही बचा जिसके बाद जैसलमेर के सातवाहन द्वितीय ने अपने तीसरे पुत्र हांसु और उसकी गर्भवती रानी को सिरमौर भेजा। हांसु की रास्ते में मृत्यु के बाद गर्भवती रानी ने सिरमौरी ताल के पोका मे पलाश के वृक्ष के नीचे राजकुमार को जन्म दिया जिसका नाम पलासू रखा गया तथा राजवंश का नाम पलासिया कहा जाने लगा। 1934 ई० के ''गजेटीअर ऑफ सिरमौर'' के अनुसार जैसलमेर के राजा उग्रसेन (सातवाहन द्वितीय) हरिद्वार तीर्थयात्रा पर आए। सिरमौर की गद्दी खाली देख उन्होंने अपने पुत्र शोभा रावल को रियासत की स्थापना के लिए भेजा। शोभा रावल ने 1195 ई० मे राजबन को सिरमौर रियासत की राजधानी बनाकर सिरमौर रियासत की स्थापना की।

नीतिका
बी०ए० द्वितीय वर्ष
रोल न० 22269

वामन द्वादशी मेला

जिला सिरमौर के दो ही मेले राष्ट्रीय मेले जिनमें भाद्रपद की शुक्ल द्वादशी को वामन महाराज का जन्मदिन मनाया जाता है। भागवत् के अनुसार जब राजा बलि ने तीनों लोकों पर राज कर अपना अधिकार तीनों लोकों पर कर दिया तो स्वर्ग के देवता परेशान हुए। इसके कारण वामन महाराज की माता अदिती ने विष्णु भगवान की तपस्या की और वर में माँगा कि भगवान दैत्य और देवता लड़े बिना ही देवता को स्वर्ग का राज्य वापिस दिलाया जाए। विष्णु भगवान प्रसन्न हुए और वामन महाराज के रूप मे प्रकट होकर माता से कहा आप निश्चिंत होइए और मैं देवता को स्वर्ग का राज्य दिलाऊगाँ। वचनों के अनुसार भाद्रपद की शुक्ल द्वादशी को राजा बलि के यहाँ बटुक के रूप मे प्रकट हुए। उस समय महाराज बलि यज्ञ कर रहे थे। बटुक भिक्षा माँगने हेतु राजा के द्वार पर गए। तब राजा ने कहा माँगो आपको दान मे क्या चाहिए। मोती, माणिक या धन आप जो भी मांगोगे दिया जाएगा। परन्तु भिक्षुक महात्मा ने तीन पग जमीन माँगी। राजा ने कहा तीन पग धरती माँग कर क्यों मेरा उपहास करते हो। परंतु भिक्षुक ने कहा कि मुझे तीन पग धरती ही चाहिए। तब दैत्यों के गुरू शुक्राचार्य ने तीन पग देने से बार–बार राजा बलि को रोका। परंतु राजा बलि बटुक को वचन दे चुके थे। वामन महाराज ने दो ही पग मे तीनों लोक नाप दिए और राजा से कहा राजन में तीसरा पग कहाँ रखूँ। तब राजा ने कहा महात्मा मेरा वचन सत्य हो इसलिए तीसरा पग मेरे सिर पर रखे। वामन महाराज ने बलि के सिर पर पैर रख कर बलि को पाताल का राज्य दिया और देवताओं को स्वर्ग का राज्य दिया। इस दिन को सिरमौर में सराहाँ के तालाब में वामन महाराज की किश्ती तराई जाती है और इनकी पालकी को जहाँ पर दुकानकार बाज़ार लगाते है वहाँ घुमाई जाती है। श्रद्धालु दान भी देते हैं। भगवान की झाँकी निकाली जाती है। मेले के दूसरे दिन कुश्ती और प्रदर्शनी भी लगाई जाती है। विजेताओं को इनाम बाँटे जाते हैं।

रितू
बी०ए० द्वितीय वर्ष
रोल न० 22207

प्राचीन श्री सिद्ध हनुमान मंदिर, जोहाना (सराहाँ)

बहुत से प्राचीन सिद्ध मंदिरों की स्थापना के बारे में आमतौर पर ''कहा जाता है कि यहाँ ऐसा हुआ है'' यह पंक्तियाँ जुड़ी होती है। परंतु प्राचीन सिद्ध हनुमान मंदिर भारत के कुछ गिने चुने सिद्ध स्थानों में से एक है जिनकी स्थापना का इतिहास केवल किंवदंती नहीं बल्कि क्षेत्र वयोवृद्ध बुजुर्गों द्वारा प्रमाणित है। वे बताते है कि तप साधना करने के बाद एक बाल ब्रह्मचारी सिद्ध बाबा (1008 श्री रामदास जी महाराज) को हनुमान जी की दिव्य सिद्धि प्राप्त हुई तथा उन्होंने यहां बजरंग बली जी की दिव्य (गाय के गोबर, मिट्टी तथा धुणे की दिव्य भस्म से) प्रतिमा का निर्माण कर मंदिर की स्थापना की । जोहाना एवम् सराहां आँचल के अन्य गाँव के वयोवृद्ध बुजुर्ग जो सिद्ध बाबा जी के सानिध्य में रहे, बताते है कि गुरू जी गर्मियों में पंचधुनी तपस्या (सिर पर अग्नि जलाकर) किया करते थे। सर्दियों में रात–रात भर बावड़ी के बर्फीले ठण्डे पानी में बैठकर कठिन साधना किया करते थे। सराहां वा नाहन क्षेत्र में तो उनके सैंकड़ो शिष्यगण थे। संत समाज में भी वह उस समय के संपूर्ण भारत वर्ष के गिने चुने उच्च श्रेणी के तपस्वी श्री महंतो में शामिल थे। आज भी उनके द्वारा उस समय संचालित (कानपुर खालसा) कुम्भ मेलों में अपनी विशिष्ट पहचान रखे हुए थे। यदि हम उस दिव्य विभूति के चमत्कारों एवं भक्तों पर कृपा के उदाहरण का वर्णन करना चाहें तो यह सूर्य को दीपक दिखाने जैसा होगा।

लगभग सौ वर्ष प्राचीन यह सिद्ध हनुमान मंदिर सिद्ध बाबाजी के देव गमन के बाद काफी सालों तक उपेक्षित सा रहा। वर्तमान में महंत साध्वी गंगा दास महाराज, जो की सिद्ध बाबा जी की शिष्य है, के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में महंत परमेश्वर दास जी इस विलक्षण दिव्य एवं चमत्कारिक सिद्ध हनुमान मंदिर की धरोहर को संभाल रहे है। महंत परमेश्व दास भी सिद्ध बाबा जी की ही शिष्य परंपरा से उनके अन्य सिद्ध शिष्य (श्री श्री 1008 श्री बद्रीदास जी एवं श्री भरत दास जी महाराज जिन्होने मांउट आबू राजस्थान में ज्ञान गुफा नामक एक ओर दिव्य स्थान की स्थापना की) के एक मात्र दीक्षित शिष्य है। आज महन्त परमेश्वर दास जी के कुशल मार्ग दर्शन में इस गुरू एवं दादा गुरू जी की तपोस्थली में वर्षभर श्रद्धालुओं द्वारा विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों, संत समागम, लंगर, भण्डारों, कीर्तन, हवन, यज्ञ का आयोजन चलता रहता है। इन सभी कार्यक्रमों की व्यवस्था मंहत जी के मार्ग दर्शन में जोहाना गाँव के भक्तगण बड़े ही भक्ति एवं सेवाभाव से संभालते है।
हनुमान जी की दिव्य एवं चमत्कारिक शक्ति की महत्वता के कारण आज यह स्थापना न केवल हिमाचल अपितु हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, उत्तराखंड के भक्तों के लिए भी एक सिद्ध पीठ के रूप में शुमार होता जा रहा है। जो भी यहां मन्नत मांगने आता है कभी हनुमान जी के दरबार से निराश नहीं लौटता है। गौरतलब है कि इतनी विलक्षणताओं एवं मंदिर में विगत पांच छः वर्षों से लगातार चल रहे सौंदर्यकरण एवं निर्माण कार्य के बावजूद किसी तरह का चंदा इकट्ठा करने पर पाबंदी है। जिस किसी का भाव बनता है वो अपनी मर्जी से किसी निर्माण कार्य में सहयोग करता है। इसी दिव्य भाव शक्ति के कारण आज यह हनुमान मंदिर प्राकृतिक सौंदर्य एवं अपनी भव्यता में भी जिला सिरमौर में सिरमौर है।

स्नेहा
बी.ए. द्वितीय वर्ष
रोल नं. 22304

लोक साहित्य

लोक साहित्य की परम्परा उतनी ही प्राचीन है, जितनी मानव जाति की है। लोक साहित्य किसी भी क्षेत्र में रहने वाले लोगों के सामाजिक–सांस्कृतिक जीवन का दर्पण होता है। लोक–मानस सामूहिक अवचेतन से बनता है और इसका व्यक्त रूप लोक–साहित्य होता है। साधारण जनता का हंसना–खेलना, रोना–गाना सब कुछ लोक साहित्य की परिधि में आता है। लोक साहित्य की विविध विधाओं में लोक जनमानस की सहज एवं सार्थक अभिव्यक्ति होती है इनमें लोक गीत, लोक गाथा, लोक कथा, लोक नाट्य, लोकोक्तियां, मुहावरे व पहेलियां प्रमुख है। लोक साहित्य को मुख्यत :– पांच भागों में विभक्त किया गया है। लोक गीत– लोक सहित्य में लोक गीतों का प्रमुख स्थान है। जन जीवन मे अपनी व्यापकता के कारण इनकी प्रधानता स्वाभाविक है। यह गीत विभिन्न उत्सवों व ऋतुओं मे गाए जाते हैं। लोक गाथा :– इसमें कथावस्तु की प्रधानता होती है। यह अपने कथानक के कारण बहुत बड़ी होती है। हिन्दी क्षेत्र में प्रचलित आल्हा, ढोला, राजा भरथरी आदि गाथाएं इसी श्रेणी में है। लोक कथा :– इसमें माताएं सुन्दर कहानियां सुनाकर अपने बच्चे को आनंद प्रदान करती है। प्रत्येक व्रत के अवसर पर किसी–न–किसी देवी–देवता की कथा पड़ी जाती है। लोक नाट्य :– गीतों के साथ साथ यदि नृत्य भी हो तो आनन्द की सीमा नहीं रहती । ग्रामीण जनता नाट्य को देखकर प्रसन्नता का जितना अनुभव करती है उतना किसी अन्य वस्तु से नहीं। लोक सुभाषितः– हम अपने जीवन में अनके मुहावरों, कहावतों, पहेलियों का प्रयोग करते हैं। इनमें चिर–संचित अनुभूत ज्ञान राशि भरी पडी है। लोक साहित्य मानव जीवन के अतीत का ज्ञान कराता है। वर्तमान का यथार्थ चित्रण करता है। यह भविष्य के निर्माण की प्रेरणा देता है।

महक शर्मा
बी.ए. तृतीय वर्ष
रोल न. 21363

नारी सशक्तिकरण

मीरा की अमर भक्ति ज़हर से मर नहीं सकती, झाँसी वाली रानी है किसी से डर नहीं सकती,
मदर टेरेसा, कल्पना हो या सानिया, मैरी, अंसभव क्या है दुनिया मे जो नारी कर नहीं सकती।

पंडित जवाहर लाल नेहरु द्वारा कहा गया मशहूर वाक्य ''लोगों को जगाने के लिए महिलाओं का जागृत होना ज़रूरी हैं।'' एक बार वो कदम उठा लेती है, परिवार आगे बढ़ता है, गाँव आगे बढ़ता है और राष्ट्र विकास की ओर उन्मुख होता है। भारत में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सबसे पहले समाज में उनके अधिकारों और मूल्यों को मारना जरूरी है जैसे दहेज प्रथा, अशिक्षा, यौन हिंसा, असमानता, भ्रूणहत्या, महिलाओं के प्रति घरेलू हिंसा, बलात्कार, मानव तस्करी, वैश्यावृति और ऐसे ही दूसरे विषय। लैंगिक भेदभाव राष्ट्र में सांस्कृतिक, सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक अंतर ले आता है जो देश को पीछे की ओर ढकेलता है। भारत के संविधान मे उल्लिखित समानता के अधिकार को सुनिश्चित करने के लिए महिलाओं को सशक्त बनाना सबसे प्रभावशाली है। इस तरह की बुराईयों को मिटाने के लिए लैंगिक समानता को प्राथमिकता देने से पूरे भारत में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिला है। महिला सशक्तिकरण के उच्च लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए इसे हर एक परिवार मे बचपन से ही प्रचारित व प्रसारित करना चाहिए। ये ज़रुरी है कि महिलाएँ शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से मजबूत हो। चूंकि एक बेहतर शिक्षा की शुरूआत बचपन से घर पर हो सकती है, महिलाओं के उत्थान के लिए एक स्वस्थ परिवार की ज़रूरत है जो राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। आज भी कई पिछड़े क्षेत्रों मे माता–पिता की अशिक्षा, असुरक्षा और गरीबी की वजह से कम उम्र में विवाह और बच्चे पैदा करने का चलन है। महिलाओं को मजबूत बनाने के लिए महिलाओं के खिलाफ होने वाले दुर्व्यवहार, लैंगिक भेदभाव, सामाजिक अलगाव तथा हिंसा आदि को रोकने के लिए सरकार कई सारे कदम उठा रही है। महिलाओं की समस्याओं का उचित समाधान करने के लिए महिला आरक्षण बिल 108 वाँ संविधान संशोधन का पास होना बहुत ज़रूरी है। ये संसद में महिलाओं की 33 प्रतिशत हिस्सेदारी को सुनिश्चित करता है। सरकार द्वारा दूसरे क्षेत्रों में भी महिलाओं को सक्रिय रुप से भागीदार बनाने के लिए कुछ प्रतिशत सीटों को आरक्षित किया गया है। सरकार को महिलाओं के वास्तविक विकास के लिए पिछड़े ग्रामीण क्षेत्रों मे जाना होगा और वहाँ की महिलाओं को सरकार की तरफ से मिलने वाली सुविधाओं और उनके अधिकारों से अवगत कराना होगा जिससे उनका भविष्य बेहतर हो सके। महिला सशक्तिकरण के सपने सच करने के लिए लड़कियों के महत्व और उनकी शिक्षा को प्रचारित करने की ज़रूरत है।

बिजली चमकती है तो आकाश बदल देती है
आँधी उठती है तो दिन रात बदल देती है
जब गरजती है नारी शक्ति तो इतहास बदल देती है।

साक्षी शर्मा
बी.ए. द्वितीय वर्ष
रोल न॰ 22219

सड़क-सुरक्षा

रोड़ एक्सीडेंटस इन इंडिया के मुताबिक हर वर्ष तेज़ी से सड़क हादसों की संख्या बढ रही है। भारत मे सड़क दुर्घटना की स्थिति इतनी भयावह है कि प्रति घंटे 18 लोग सड़क हादसे के शिकार होकर अपनी जान गंवा देते है। वहीं प्रति घंटे औसतन 44 लोग घायल भी हो जाते हैं। स्वतंत्रता के बाद से सड़क चुनावों और राजनीति का मुख्य मुद्दा रहा है। इसके दो बड़े कारण है सड़क आम आदमी के जीवन से जुडा अहम् विषय है। साथ ही संसार की सबसे अधिक सड़कों वाले देशों की सूची में भारत दूसरे स्थान पर है। भारत में करोडों किलोमीटर लंबा सड़क परिवहन है जिनके निर्माण एंव रखरखाव मे बड़ी मात्रा में खर्चा होता है। आज भी आमजन में सड़क दुर्घटनाओं के प्रति चेतना बहुत कम है। हर साल करोड़ों दुर्घटनाएँ होती है जिसमें लाखों लोग अपनी जान गंवा देते है। एक शोध के अनुसार स्वतंत्रता के बाद से अब तक दस करोड़ से अधिक लोग सड़क हादसों मे अपनी जान गंवा चुके है, इसके बाद भी इस समस्या को गंभीरता से नही लिया जाता है।

सड़क सुरक्षा के सामान्य नियम व सावधानियां :–

- वाहन चालक के पास वैध दस्तावेज हो।
- चलते या वाहन चलाते समय हमेशा बाईं ओर देखें।
- दुपहिया वाहन चालक और सवार हमेशा हेलमेट का प्रयोग करे, चौपहिया वाहन के चालक व सवार सीट बेल्ट का प्रयोग करें।
- ट्रैफिक पुलिसकर्मी के संकेतों का पालन करें।
- हम सभी को सड़क सुरक्षा की गहरी समझ होनी चाहिए यह वह गुण है जिसे हमें शिक्षित, संस्कृत और सभ्य कहा जाना चाहिए।

अगर समाज का प्रत्येक सदस्य जागरुक होकर यातायात के नियमों के प्रति सजग रहे तो कई बडी दुर्घटनाओं को होने से पूर्व ही रोका जा सकता है। इससे बडी जनहानि और माल हानि से रक्षा की जा सकती है।

निष्कर्ष :– आज से हम सभी निश्चय करें कि जब भी सड़क पर निकलेंगे सुरक्षा के सभी नियमों का पालन करेंगे। ऐसा करके न केवल हम अपने जीवन को बचा सकते हैं बल्कि और किसी का जीवन भी बचाया जा सकता है। आमतौर पर जागरूकता के अभाव के चलते लोग लापरवाह बनते हैं तथा यातायात के नियमों की धज्जियाँ उड़ाते हैं। यदि समाज इन सावधानियों को गंभीरता से लें तो दूरगामी सुखद परिणाम देखने को मिल सकते हैं।

मुस्कान
बी. ए. द्वितीय वर्ष
रोल न॰ 22250

AIDS

एड्स (एक्वायर्ड इम्यूनोडिफिशिऐंसी सिंड्रोम) एक गंभीर बीमारी है, जो एचआईवी वायरस के कारण होती है। यह शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को गंभीर नुकसान पंहुचाता है, जिसके कारण किसी भी व्यक्ति के संक्रमण से लड़ने की क्षमता कमजोर हो जाती है। एचआईवी इंफेक्शन का अंतिम चरण होता है।

एड्स एचआईवी पॉजिटिव के लक्षण :– (1) बुखार (2) ठंड लगना (3) गले में खराश (4) शरीर पर चकते होना (5) रात को पसीना आना (6) थकान होना (7) ज्वाइंट पेन (8) ग्रंथि में सूजन । एड्स बीमारी के लक्षण महिलाओं और पुरूषों में अलग–अलग होते हैं–

महिलाओं में लक्षण :– (1) पीरियड्स साइकिल में बदलाव होना (2) अचानक वजन कम होना (3) पेट में समस्या बने रहना (4) बुखार रहना (5) लिंफ नोड्स में सूजन (6) शरीर में लाल चकते होना।

पुरषों में लक्षण :– (1) टेस्टिकल्स में दर्द महसूस होना (2) प्रोस्टेट ग्लैंड में सूजन (3) पेनिस एरिया में सूजन (4) इनफर्टिलिटी की समस्या (5) रेक्टम और टेस्टिकल्स की थैली में दर्द।

एचआईवी के कारण :– एचआईवी एक खास तरह का वायरस है जो अफ्रीका के चिंपैंजी से मनुष्यों में फैला है। संक्रमित व्यक्ति के शरीर से निकलने वाला द्रव या पदार्थ के संपर्क में यदि कोई स्वस्थ व्यक्ति आता है तो वह संक्रमित हो सकता है।

निम्नलिखित तरीकों से एचआईवी से संक्रमित हो सकते हैं–

(1) रक्त संचरणः– कुछ मामलों में एचआईवी रक्त संचरण माध्यम से भी फैलता है।

(2) इंजेक्शन साझा करना :– एचआईवी संक्रमित व्यक्ति पर इस्तेमाल की गई सुई को किसी दूसरे स्वस्थ व्यक्ति के साथ साझा करने से भी यह संक्रमण फैलता है।

(3) गर्भावस्था, प्रसव या स्तनपान द्वारा :– यदि कोई महिला एचआईवी संक्रमित है तो वह स्तनपान, प्रसव या गर्भावस्था द्वारा अपने बच्चे को भी संक्रमित कर सकती है।

एचआईवी का टेस्ट कब करना चाहिए?

जब किसी भी व्यक्ति को लगे कि वह जोखिम के संपर्क में आ गया है, तो वह तीन से 4 सप्ताह बाद टेस्ट के लिए जा सकता है । क्योंकि जब एचआईवी वायरस आपके शरीर में प्रवेश करता है तो विंडो पीरियड का प्रतीक्षा करना होता है। विंडो पीरियड् वह समय होता है जब वायरस इंफेक्शन सतह पर आ जाते हैं।

एचआईवी संक्रमण की रोकथामः– (1) किसी दूसरे की इस्तेमाल की हुई सिरिंज/इंजेक्शन इस्तेमाल न करें (2) यौन संबंध बनाते समय कंडोम का प्रयोग करें और सही निपटान करें (3) यदि कोई प्रेगनेंट महिला संक्रमित है तो बच्चे को संक्रमण से बचने के लिए इलाज किया जाना चाहिए।

सारांश :– एचआईवी एक प्रकार का वायरस है, जो आपके प्रतिरक्षा प्रणाली को कमज़ोर बनाता है। यही वायरस आगे चलकर एड्स का कारण बनता है जिससे बचने का एकमात्र उपाय एड्स के प्रति जागरूक रहना है। एचआईवी एड्स के इलाज की बात करें तो इसका कोई इलाज नहीं है। हालांकि, संक्रमण को कंट्रोल करने और स्थिति को बढ़ने से रोकने के लिए दवाओं का इस्तेमाल किया जाता है।

पायल शर्मा
बी.ए. द्वितीय वर्ष
रोल न. 22268

वृक्ष लगाओ

महामारी का दौर है,
जीने की सबको होड़ है।
अगर जीना है तुझको सालों साल तो
वृक्ष लगाओ बारम्बार।

देख रहे हो तुम कैसे यह विपदा है आई
दूसरी चीजों को छोड़ ऑक्सीजन की ही कमी है आई
यदि पता है तुम्हे सांस लेने के लिए वृक्ष है ज़रूरी
तो काटने से पहले क्यों तुम्हें यह बात ना सूझी।
यदि वृक्ष रहेंगे इस धरती पर
तभी मनुष्य जी पायेगा इस पर
केवल मनुष्य ही नही
और विभिन्न प्राणी भी है पेडों पर निर्भर
क्योंकि ये देते हैं उन्हे रहने के लिए घर
और मिलती है हमें छाया, दवाईयाँ और भरपूर फल।

याद है कुछ सालों पहले सुन्दरलाल बहुगुणा ने
चिपको आंदोलन चलाया था
आंदोलन कर कितने ही पेड़ों को बचाया था
और हमें पेड़ों का महत्व समझाया था।
सही मायने मे उन पेड़ों को जीने का हक दिलवाया था।
क्यों भूल जाते हैं हम
वातावरण से खेलना क्यों नहीं हम करते बंद
याद रखना यदि तुम पेड़ नही लगाओगे
तो जीवन को अंत की ओर ले जाओगे
यदि जीवन बचाने में होना है सफल
तो पेड़ लगाओ अभी और इसी पल।

श्रुति शर्मा
बी. ए. प्रथम वर्ष
रोल न॰ 23209

मेरी माँ

गिरती हूँ तो, हाथ देकर संभाल लेती है
रोती हूँ तो, अपने आँचल से आँसू पोंछ देती है
मुझे बनाने में सबसे ज्यादा अंश है जिसका
वो है मेरी माँ.....
दोस्ती की कमी पूरी करती है
मेरी तरक्की देख इतराती है
रहती हैं परेशान फिर भी मुस्कुराती है
बस तभी मेरा हौंसला बन जाती है
वो है मेरी माँ.....
पापा के हर सवाल का जवाब है
उदास हो जाँऊ तो मेरी मुस्कान है
वो है मेरी माँ.....
और क्या बोलूँ
इस दुनिया मे सबसे अनमोल है, माँ।

आशीमा
बी.ए. प्रथम वर्ष
रोल न॰ 23233

आज का भारत

आज का भारत बदलता भारत है
पूरी दुनिया मे प्रगति करता भारत है,
आर्थिक क्षेत्रों में तकनीकी क्षेत्रों में
पूरी दुनिया में बदलता हमारा भारत है।

चिकित्सा विज्ञान है हर कोई शिक्षित है
शिक्षा से बड़ा है देश का मान बहुत है,
भ्रष्टाचार के खिलाफ हमारी सरकार है
चारों और होता विकास ही विकास है।

रक्षा उपकरणों का अब साथ है
देश के दुश्मनों का बुरा हाल है,
आज का भारत बदलता भारत है
पूरी दुनिया में प्रगति करता भारत है।

प्रिया
बी. ए. प्रथम वर्ष
रोल न॰ 23232

तुझे अपने डर से लड़ना होगा

तुझे अपने डर से लड़ना होगा
लड़कर तुझे आगे बढ़ना होगा,
हर मुश्किल सीढी को चढ़ना होगा
तुझे अपने डर से लड़ना होगा।

यूँही नहीं राह कामयाबी की है मिल जाती
यूँही नही अंधेरी राहों पर है धूप खिल जाती,
सोच समझ कर हर कदम रखना होगा
तुझे अपने डर से लड़ना होगा।

मेहनत कडी तुझे करनी होगी
खुद की परिभाषा खुद ही गढ़नी होगी,
खुद पर विश्वास तुझे रखना होगा
तुझे अपने डर से लड़ना होगा।

छोड़ के राह गलत काम की
कसम तुझे खुद के नाम की,
प्रयास तुझे निरंतर करना होगा
तुझे अपने डर से लड़ना होगा।

अनिशा
बी.ए. प्रथम वर्ष
रोल न॰ 23208

ENGLISH SECTION

Editorial

Dear Students,

There is an inspiring Chinese proverb, 'Teachers can open the door, but you must enter it yourself' it simply points out that teachers are there to support you at every step, but you must take the initiative to reap the benefits of higher education provides you. We understand the struggle you all go through each day to reach the college from various villages. We appreciate the way you all strive despite your social, economic and geographical constraints. Some of the students walk 8-10 kilometers every day to reach the bus stop and then after boarding the bus travel for 20-25 kilometers to reach the college. This clearly elucidates your determination and hard work. But keep in mind it will pay off if you hone your skills consistently and prepare yourself for the challenges the future brings forth.

English being a 'Lingua franca' or' language of the world' has a pivotal importance in today's world. You need to learn it too along with knowing your mother tongue and your dialect. To become proficient in English language you need to work on your fundamentals.Remember, a tall edifice may only be constructed on a strong foundation. For learning any language, the practice of listening, reading, vocabulary and grammar of that language is indispensable.

Though it was a humble attempt on your part to come forward to write and submit the articles for the English Section of our college magazine*Abhivyanjana*. We hope that the next year more students would come forward to submit their articles for the English section.I am grateful to our Chief Editor Mr. Jagmohan Thakur, Associate Prof. of Geography and revered Principal Ma'am Dr. Anita Thakur for giving me the opportunity to be the editor of the English section.

I am thankful to Jyot (Student Editor of English Section) for collecting and editing the articles and wish her good luck for her career ahead.

Happy Reading!

Dr. Rajan Kaushal
Teacher Editor
English Section

GOD LOVES DEDICATION AND HARDWORK

It was Wednesday Shreyas had been very busy at work in his hotel since morning. Every day he would leave for work at 9 a.m. He lived in a small house in a village with his mother, father and little brother. Everyone in the village was aware of the fact that he worked extremely hard every day so that he could feed his family at the end of the day. He was a reticent boy, he could hardly be seen speaking to anybody. His father worked as a peon in an office near the village. His mother was a home maker and his brother was studying in the school. Despite having a happy and loving family, the financial condition of the family was not good. Shreyas would work day and night to better the financial condition of the family. He was brave too to face the challenges which life posed. There was one fear which always remained at the back of his mind that he was living in an old and dilapidated house which his grandfather had built years ago and it was on the verge of crumbling down.

